अध्याय 2

खरी शिक्षा तथा भक्ति का जीवन

तीतुस 2 को "संपूर्ण नए नियम के रत्नों में से एक"[1] कहा गया है। इस अध्याय के पहले भाग में, पौलुस ने कलीसिया के विभिन्न समुदायों को निर्देश दिए। उसने अपने निर्देशों के लिए यह कारण बताया: जिससे मसीही लोग "उपदेश को शोभा दें" (2:1-10)। अध्याय के दूसरे भाग में, उसने भक्ति के साथ जीवन बिताने के धर्मविज्ञान के आधार को बताया (2:11-15)।

उपदेश को शोभा देना (2:1-10)

तीतुस 2:1-10 हमें 1 तीमुथियुस 5:1, 2 का स्मरण करवाता है, जहाँ पौलुस ने तीमुथियुस को बताया कि भिन्न आयु वर्गों के साथ किस प्रकार व्यवहार करना है। यहाँ पौलुस ने विवरण दिया कि प्रत्येक समूह के लोगों को कैसे रहना है। नए परिवर्तित हुए व्यक्ति स्वार्थ, झूठ, और कठोरता की संस्कृति में बड़े हुए थे; उनके लिए शुद्ध, भक्तिमय और सप्रेम मसीही जीवन जीना बड़ी चुनौती थी।

कलीसिया के विभिन्न समूहों के लिए यह क्यों महत्वपूर्ण था कि वे वैसे जीवन व्यतीत करें, जैसा उन्हें करना चाहिए? पौलुस को उनके जीवनों के द्वारा औरों के जीवन पर होने वाले प्रभाव की चिंता थी। हम इन आयतों पर विचार करें:

> ". . . ताकि परमेश्वर के वचन की निन्दा न होने पाए" (2:5)।
>
> ". . . जिससे विरोधी हम पर कोई दोष लगाने का अवसर न पाकर लज्जित हों" (2:8)।
>
> ". . . सब बातों में हमारे उद्धारकर्ता परमेश्वर के उपदेश की शोभा बढ़ाएँ" (2:10)।

हमने 2:1-10 में जितने भी लोग संबोधित किए जा रहे थे, उन सब पर 2:10 के वाक्यांश को लागू किया है। सूचीबद्ध किए गए तीनों खण्डों को इस प्रकार से संक्षिप्त किया जा सकता है: "जिससे लोग सुसमाचार का प्रतिकार न करें, वरन उसकी ओर आकर्षित हों।" हम चाहे इसका ध्यान करें या न करें, हमारी जीवन शैली या तो औरों को सुसमाचार से दूर भगाती है या फिर उन्हें उसकी ओर आकर्षित करती है।

परिचय (2:1)

[1]पर तू ऐसी बातें कहा कर जो खरे उपदेश के योग्य हैं।

आयत 1. क्रेते के द्वीप पर झूठे शिक्षकों की भर्त्सना करने के पश्चात, पौलुस ने तीतुस को आज्ञा दी, **पर तू ऐसी बातें कहा कर जो खरे उपदेश के योग्य हैं।** इस आयत का "तू" बल सहित है। अन्य गलत शिक्षा दे रहे थे, परन्तु तीतुस को "खरे उपदेश के योग्य" बातें कहनी थीं। हमारा सामना वाक्यांश "खरा उपदेश" से बहुधा हुआ है।[2] यह "वह शिक्षा है जो मसीहियों को स्वस्थ, और भली-भांति संतुलित बनाए रखती है, जो फिर मसीह की शिक्षाओं को ग्रहण करके उसके अनुरूप जीवन व्यतीत करते हैं।"[3]

वृद्ध मसीही भी उपदेश को शोभा दे सकते हैं (2:2-4)

[2]अर्थात् बूढ़े पुरुष सचेत और गम्भीर और संयमी हों, और उनका विश्वास और प्रेम और धीरज पक्का हो। [3]इसी प्रकार बूढ़ी स्त्रियों का चाल-चलन पवित्र लोगों-सा हो; वे दोष लगानेवाली और पियक्कड़ नहीं, पर अच्छी बातें सिखानेवाली हों [4]ताकि वे जवान स्त्रियों को चेतावनी देती रहें कि अपने पतियों और बच्चों से प्रीति रखें।

हम अपेक्षा कर सकते हैं कि आयत 1 में दी गई आज्ञा के पश्चात, पौलुस सैद्धांतिक विषयों जैसे कि उद्धार के लिए परमेश्वर की योजना, आराधना के स्वरूप, या कलीसिया की सही समझ आदि के विषय कहता। परन्तु इसके स्थान पर उसके निर्देश मसीही जीवन पर केंद्रित हैं। इस खण्ड में, सही सिद्धान्त के लिए उपयुक्त बातें हैं "नैतिक दायित्व जो सही सिद्धांतों की माँग है।"[4]

पौलुस के निर्देश वृद्ध मसीहियों से आरंभ हुए। इन मसीही भाइयों और बहनों को परमेश्वर को भावते हुई जीवन-शैली के विषय मार्गदर्शन करना चाहिए। वॉल्टर एल. लेफेल्ड ने सुझाव दिया,

> वृद्धावस्था . . . अपने आप में एक अवसर है। चुनौतियों और उपयोगिता के लिए आवश्यक नहीं कि जवानों के समान गतिविधियां और सेवकाइयाँ हों। जोड़ों के दर्द से क्रियाशीलता बाधित हो सकती है, परन्तु उससे प्रार्थना बाधित नहीं होती है। और न ही घटती हुई दृष्टि अथवा कम सुनाई देने के द्वारा। प्रसन्नता और गवाही का सबसे महान अवसर किसे बड़े व्यवसायी के वायुयान में नहीं वरन अस्पताल में मिल सकता है।[5]

पौलुस ने उस आयु को नहीं बताया कब "जवान पुरुष" (2:6) "बूढ़े पुरुष" (2:2) या कब "जवान स्त्रियाँ" (2:4) "बूढ़ी स्त्रियाँ" (2:3) हो जाती हैं। हम अपने आप को चाहे जवान समझें या वृद्ध, या कहीं इनके मध्य, पौलुस के पास हम सब के लिए एक सन्देश है।

आयत 2. सबसे पहले पौलुस ने बूढ़े पुरुषों के लिए उद्देश्य सूचीबद्ध किए: **बूढ़े पुरुष सचेत और गम्भीर और संयमी हों, और उनका विश्वास और प्रेम और धीरज पक्का हो**। "बूढ़े पुरुष" πρεσβύτης *(प्रेसब्यूटेस)* के बहुवचन से आता है, जो मसीही पुरुषों के लिए यहाँ प्रयुक्त सामान्य शब्द है। इससे संबंधित शब्द πρεσβύτερος *(प्रेसब्यूटेरोस)*, जिसका प्रयोग भी "बूढ़े पुरुषों" के लिए किया जाता है, कभी-कभी कलीसिया के अगुवों की उपाधि के रूप में भी कार्य करता है ("प्राचीनों"; 1:5; 1 तीमु. 5:17, 19)।

पहले तीन उद्देश्य परस्पर निकटता से संबंधित हैं। बूढ़े पुरुषों को "सचेत" होना चाहिए। यह प्राचीनों की एक योग्यता थी (1 तीमु. 3:2)। "सचेत" (νηθάλιος, *निफैलियोस)* का अभिप्राय स्वयं पर नियंत्रण रखने से है। यह क्रेते में अति आवश्यक गुण था, जहाँ अनेकों अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने के लिए कम ही प्रयास करते थे। इसमें अपनी मानसिक, भावनात्मक, और आत्मिक क्षमताओं को नियंत्रण में रखना भी सम्मिलित है। जैसे-जैसे हमारी आयु बढ़ती जाती है यह कार्य और अधिक कठिन हो सकता है।

इसके बाद, बूढ़े पुरुषों को "गंभीर" होना चाहिए। यह दोनों, प्राचीनों और सेवकों, के गुणों में से एक है (1 तीमु. 3:4, 11)। वह जो गंभीर (σεμνός, *सेमनोस)* है, वह "आदर के योग्य"[6] है। कुछ इतना दुराचारी जीवन व्यतीत करते हैं कि लोग उनके प्रति आदर खो देते हैं। हमें भक्ति का जीवन जीना चाहिए जिससे अविश्वासी भी हमारे व्यवहार का आदर करें।

तीसरा है "संयमी।" यह भी प्राचीनों के गुणों में दिया गया है। यूनानी शब्द σώφρων *(सोफ्रोन)* दोनों ही सूचियों में आता है, और इसे "सुशील" (1 तीमुथियुस 3:2) और "गंभीर" (तीतुस 1:8) अनुवाद किया गया है। *सोफ्रोन* शब्द की परिभाषा *निफैलियोस* - "सचेत" "स्वयं पर नियंत्रण रखने"[7] के समान है। इसमें शान्त और सामान्य व्यावहारिक समझ-बूझ होने का विचार सम्मिलित है। प्रत्यक्षतः यह क्रेते की एक अत्यधिक महत्वपूर्ण आवश्यकता थी। इस अध्याय में, पौलुस ने बारम्बार संयमी होने के महत्व पर बल दिया (2:2, 5, 6, 12)।

बूढ़े पुरुषों को इस सूची के गुणों की आवश्यकता है जिससे कि "उनका विश्वास और प्रेम और धीरज पक्का हो।" विश्वास में होना आत्मिक रीति से स्वस्थ होने के तुल्य है। आत्मिक स्वास्थ्य के तीन पक्ष यहाँ दिए गए हैं: विश्वास, प्रेम और धीरज। इस आयत में "विश्वास" (πίστις, *पिसतिस)* प्रभु में व्यक्तिगत विश्वास एवं निर्भरता है (देखें 2 तीमु. 3:15)।[8] जैसे-जैसे समय बीतता जाता है, हम अपनी ऊपर कम से कम तथा परमेश्वर पर अधिक से अधिक विश्वास करना चाहिए।

"प्रेम" (ἀγάπη, *अगापे)* दोनों, परमेश्वर और साथ के मनुष्यों, के प्रति प्रेम को गले लगाता है (मत्ती 22:37-39)।[9] प्रेम को सम्मिलित करने से अन्य कई आत्मिक योग्यताओं भी जुड़ जाती हैं, जैसे कि धैर्य, कृपालुता, नम्रता, आदर, निःस्वार्थता, क्षमा करने वाला स्वभाव, और आशावादी होना (1 कुरिन्थियों 13:4-7)। आयु बढ़ने के साथ हम नकारात्मक होने की ओर भटक सकते हैं और

दूसरों में दोष ढूँढने की आदत में पड़ सकते हैं। हमें प्रेम में बढ़ते जाने के प्रयास करते रहना चाहिए। मसीही परिपक्वता का पहचान-चिन्ह प्रेम है (1 कुरि. 13:13)।

"धीरज" (ὑπομονή, *ह्युपोमोने)* का अर्थ है "धैर्य, सहनशीलता, साहस, दृढ़ता"[10] - जब कठिनाइयां हमें अभिभूत करने लगें तब भी दृढ़ता से थामे रहना (देखें 2 तीमु. 4:7)। इनसे अधिक उत्तम उद्देश्यों को सोच पाना कठिन है: अपने विश्वास को दृढ़ बनाए रखना, सब लोगों से प्रेम करना सीखना, और विश्वासयोग्यता के साथ अन्त तक सहन करते रहना (प्रका. 2:10)।

आयत 3. इससे अगली श्रेणी है बूढ़ी मसीही स्त्रियाँ: **इसी प्रकार बूढ़ी स्त्रियों** [πρεσβῦτις, *प्रेसब्यूटिस* का बहुवचन] **का चाल-चलन पवित्र लोगों-सा हो; वे दोष लगानेवाली और पियक्कड़ नहीं, पर अच्छी बातें सिखानेवाली हों।** "इसी प्रकार" (ὡσαύτως, *होसऑटोस)* बूढ़े पुरुषों और बूढ़ी स्त्रियों को दिए गए निर्देशों को एक सूत्र में कर देता है। जो बूढ़े पुरुषों से कहा गया वह बूढ़ी स्त्रियों पर भी लागू किया जा सकता है, और जो बूढ़ी स्त्रियों से कहा गया वह बूढ़े पुरुषों पर भी लागू किया जा सकता है।

पौलुस ने पहले कहा कि बूढ़ी स्त्रियों "का चाल-चलन पवित्र लोगों-सा हो।" जिस शब्द का अनुवाद "पवित्र" (ἱεροπρεπής, *हियेरोप्रेपेस)* हुआ है, वह नए नियम में केवल यहीं आया है, और ἱερός (*हियेरोस*, "पवित्र") तथा πρέπω (*प्रेपो*, "उपयुक्त") के मेल से है। यह पवित्र सेवकाई के लिए उपयुक्त व्यवहार का संकेत करता है।[11] यह शब्द यूनानी साहित्य में याजक के व्यवहार को दिखाने के लिए प्रयोग किया जाता था।[12] नया नियम सिखाता है कि प्रत्येक विश्वासी याजकों का भाग है (1 पतरस 2:5, 9; प्रका. 1:6, 5:10)। हम सब को (बूढ़ी स्त्रियों सहित) सदैव पवित्र सेवकाई के अनुरूप व्यवहार करना चाहिए।[13]

पौलुस ने फिर, बूढ़ी स्त्रियों को जो नहीं होना चाहिए, उन दो बातों को कहा। उन्हें "दोष लगानेवाली" नहीं होना चाहिए। यह अभिव्यक्ति διάβολος *(डायाबोलोस)* से अनुवाद की गई है, और इसका अर्थ होता है "निन्दा करने वाला।" दोनों, असावधान बकवाद और दोषपूर्ण बकवाद, की परमेश्वर ने भर्त्सना की है (नीति. 20:19; रोमियों 1:29; 2 कुरि. 12:20)।[14]

इसके बाद, उन्हें "पियक्कड़" नहीं होना चाहिए। यह प्राचीनों और डीकनों की एक योग्यता के समान है (1 तीमु. 3:3, 8; तीतुस 1:7), परन्तु प्रयुक्त भाषा और भी अधिक प्रबल है। "दास बनाना" δουλόω *(डोउलू)* से है, जो कि "दास" (δοῦλος, *डोउलोस)* शब्द के सामान है। आज इसे हम कहेंगे "पियक्कड़ न हो।" अपनी अंगूरी शराब के लिए विख्यात द्वीप के लिए यह एक विशेष चुनौती होता। इस निर्देश से यह संकेत भी मिल सकता है कि कुछ बूढ़ी स्त्रियों के पास बहुत समय होता था।

पीने और बकवाद करने के स्थान पर, उन स्त्रियों को क्या करते रहना था? पौलुस ने कहा कि उन्हें "अच्छी बातें सिखानेवाली" होना चाहिए था। यह वाक्यांश एक ही शब्द καλοδιδάσκαλος *(कलोडिडैसकलोस)* से है, जिसमें

"शिक्षक" (διδάσκαλος, *डिडैसकलोस)* और "अच्छी" (καλός, *कलोस)* का योग है।[15] *कलोस* उसके लिए लागू किया जाता है जो "अच्छा, कुलीन, [तथा] प्रशंसा के योग्य" है।[16] शिक्षक शब्द से कक्षा में दिए गए औपचारिक शिक्षाओं का सुझाव आ सकता है, परन्तु यहाँ मुख्यतः विचार उसके विषय में है, जो प्रतिदिन की शिक्षाओं में मौखिक एवं उदाहरण द्वारा, "जो अच्छा है।"

आयत 4. बूढ़ी स्त्रियों को किन्हें सिखाना था? इस खण्ड में पौलुस का ध्यान विशेषतः जवान स्त्रियों की ओर था: **ताकि वे जवान स्त्रियों को चेतावनी देती रहें**। जिस क्रिया को यहाँ "चेतावनी" (σωφρονίζω, *सोफ्रोनिज़ो)* कहा गया है वह शब्द "संयमी" *(सोफ्रोन)* का रूप है। साहित्यिक यूनानी में इसका अर्थ है "व्यक्ति को उसकी स्थिति का बोध कराना।"[17] यहाँ, इसका भाव है औरों को ऐसे व्यवहार के विषय निर्देश देना "जिससे अच्छा निर्णय" प्रगट हो।[18]

अवश्य ही, जवान स्त्रियों को सिखाने और प्रशिक्षण देने के लिए भक्त बूढ़ी स्त्रियों से अधिक उपयुक्त और कोई नहीं होगा। उनके द्वारा निर्देश देना उनकी अपनी पुत्रियों और नाती-पोतियों से आरंभ होना चाहिए, परन्तु लेख केवल संबंधियों तक ही सीमित नहीं है। जवान मसीही स्त्रियों को उनकी अधिक आयु वाली तथा अनुभवी मसीही बहनों का आदर करना चाहिए, उनसे सुझाव और सलाह लेनी चाहिए।

बूढ़े मसीही - दोनों, पुरुष और स्त्रियाँ, उपदेश की शोभा बढ़ा सकते हैं। बुढ़ापा प्रभु की कार्य से सेवानिवृत्त होने का समय नहीं है; हमारे करने के लिए सदा ही कुछ-न-कुछ रहता है। "इसलिए हे मेरे प्रिय भाइयो, दृढ़ और अटल रहो, और प्रभु के काम में सर्वदा बढ़ते जाओ, क्योंकि यह जानते हो, कि तुम्हारा परिश्रम प्रभु में व्यर्थ नहीं है" (1 कुरि. 15:58)।

युवा मसीही शिक्षा को महत्व देते हैं (2:4-8)

[4]ताकि वे जवान स्त्रियों को चेतावनी देती रहें कि अपने पतियों और बच्चों से प्रीति रखें; [5]और संयमी, पतिव्रता, घर का कारबार करनेवाली, भली, और अपने-अपने पति के अधीन रहनेवाली हों, ताकि परमेश्वर के वचन की निन्दा न होने पाए। [6]ऐसे ही जवान पुरुषों को भी समझाया कर कि संयमी हों। [7]सब बातों में अपने आप को भले कामों का नमूना बना। तेरे उपदेश में सफाई, गम्भीरता, [8]और ऐसी खराई पाई जाए कि कोई उसे बुरा न कह सके, जिससे विरोधी हम पर कोई दोष लगाने का अवसर न पाकर लज्जित हों।

आयत 4. बूढ़ी स्त्रियों को जवान स्त्रियों को क्या सिखाना था? सबसे पहले, उन्हें यह सिखाना था कि वे **अपने पतियों से प्रीति रखें**। एक मसीही घर एक मसीही पत्नी और एक मसीही पति के साथ शुरू होता है जो एक-दूसरे से प्रेम करते हैं।[19] "अपने पतियों से प्रीति रखें" φίλανδρος *(फिलान्ड्रोस)* से आता है, जो φιλέω (*फिलेओ*, "प्रेम") और ἀνδρός (*एन्ड्रोस*, "पुरुष/पति") का संयोजन

है। इस शब्द का शाब्दिक अर्थ है "पति से प्रेम करनेवाली।" उस दिन, कई विवाह कराए गए थे, और जवान दुल्हनों को अकसर विवाह के बाद अपने-अपने पतियों से प्रेम करना सीखना पड़ता था। आज, यहाँ तक कि उन समाजों में जहाँ विवाह रीति उनके अनुसार तय नहीं किया जाता है, कभी-कभी दो लोगों का शारीरिक आकर्षण के कारण विवाह हो जाता है और फिर पता चलता है कि वे वास्तव में जिनसे उनका विवाह हुआ है उन्हें उनकी चिन्ता होती ही नहीं है। बूढ़ी स्त्रियों को जवान स्त्रियों को अपने पतियों से प्रेम करने को सिखाने की आवश्यकता अभी भी पाई जाती है।

लेख के इस भाग में, "प्रेम" के लिये शब्द ἀγαπάω *(अगापाओ)* नहीं है। *आगापाओ* वचनबद्ध होने का शब्द है। यह वह प्रेम है जो विवाह को उतार-चढ़ाव, अच्छे समय और बुरे समय के माध्यम से देखता है। स्थायी रूप से चलनेवाले सम्बन्ध के लिये यह आवश्यक है। इस संदर्भ में प्रेम को *फिलेओ* कहा जाता है, जिसमें स्नेह रखना होता है। एक दुल्हन को अपने पति को पसंद करने, उसकी देखभाल करने, यहाँ तक कि उसके लिये स्नेह महसूस करने के लिये कैसे सिखाया जा सकता है? कुछ बूढ़ी स्त्रियों ने सुझाव दिया है कि जवान पत्नियाँ अपने पतियों के लिये वह सब कुछ *करती हैं* जो उन्हें करना चाहिए, यदि वे पहले से ही उनसे प्रेम करती हैं। यह कहा जाता है, "स्वयं को कार्य करने के नए तरीके से सोचने के बजाय सोचने के नए तरीके से कार्य करना आसान है।" दूसरों ने जोर दिया है कि एक जवान पत्नी को इतना व्यस्त नहीं होना चाहिए कि अपने पति के लिये उसके पास समय न हो। प्रेमपूर्ण सम्बन्ध में समय और काम दोनों की आवश्यकता होती है। इन सबसे बढ़कर, बूढ़ी स्त्रियाँ जवान स्त्रियों को दिखा सकती हैं कि उनके जीवन में इसे लागू करने से एक प्रेमपूर्ण रिश्ता किस प्रकार दिखाई देता है।

एक मसीही घर के लिये दूसरी आवश्यकता माता और पिता होते हैं जो **अपने बच्चों से प्रीति रखते हैं**। पौलुस ने कहा कि जवान स्त्रियों को अपने बच्चों से प्रेम करना सिखाया जाना चाहिए। अनुवाद "बच्चों से प्रीति रखें," φιλότεκνος *(फिलोटेक्नोस)*, शब्दशः "बच्चों से प्रेम करनेवाली" है; इसमें φιλέω (*फिलेओ*, "प्रेम") और τέκνον (*टेकनोन,* "बच्चा") शामिल है।[20] कुछ लोग इसका विरोध कर सकते हैं, "निश्चित रूप से, माँ को अपने बच्चों से प्रेम करना सिखाया नहीं जाता! एक माँ और उसके बच्चे के बीच एक विशेष बंधन नौ महीनों के दौरान गर्भ में पल रहे उसके बच्चे के विकास से मजबूत होता जाता है।" इसके प्रत्युत्तर में, लेखकों ने ध्यान दिया कि रीति उनके अनुसार तय किए गए विवाह का एक उद्देश्य वारिस उत्पन्न करना था या बच्चों को खेतों में काम करवाना था। पत्नियों को कभी-कभी "बच्चे उत्पन्न करने के कारखाने" से थोड़ा अधिक माना जाता था। उस स्थिति में, यह सम्भव है कि कुछ स्त्रियों में अपने "बच्चे" के लिये प्राकृतिक स्नेह की कमी हो।

इस तरह से, बूढ़ी स्त्रियों के लिये पौलुस के निर्देश जवान स्त्रियों को सिखाने के लिये थे, जिसका *अर्थ* वास्तव में एक बच्चे से "प्रेम" करना होता है। यह बच्चे के

प्रति मर्म की भावनाओं से बढ़कर है; और निश्चित रूप से यह किसी बच्चे को शामिल करने की बात नहीं है, कि उसे कुछ भी और सब कुछ देना जो वह चाहता है। प्रेम में बच्चे की शिक्षा, अनुशासन और देखभाल शामिल है। इसमें उसे उसके लिये ही प्रेम करना शामिल है - इसलिये नहीं कि वह अच्छा दिखता है, बुद्धिमान या प्रतिभाशाली है, बल्कि इसलिये कि वह परमेश्वर का दिया दान है (भजन 127:3)। वह उसे इस तरह से प्रेम रखता है कि उसे लगता है कि कोई उसे प्रेम करता है और उसे अपना समझता है।

आयत 5. आयत 5 में, पौलुस ने प्रत्येक आयु वर्ग के साथ शामिल गुण का उल्लेख किया है: **संयमी**। हम इसे "सामान्य ज्ञान" कह सकते हैं, परन्तु यह उतना सामान्य नहीं है जितना होना चाहिए। उसके बाद उसने मसीही घरों के लिये एक पूरी तरह से आवश्यक सूची तैयार की: पत्नियों को **पतिव्रत** (ἁγνός, *अगनोस)* होना चाहिए, जिसमें विचार की शुद्धता और कामों में विनम्रता शामिल है। प्राचीन जगत में, यौन शुद्धता के संदर्भ में *हग्नोस* का उपयोग किया जाता था।[21] जवान पत्नियों को अपने-अपने पतियों के प्रति विश्वासयोग्य होने के लिये सिखाया जाना चाहिए, और उसी तरह युवा पतियों को भी अपनी-अपनी पत्नियों के प्रति विश्वासयोग्य होने के लिये सिखाया जाना चाहिए। क्रेते में इस तरह के विचार नए रहे होंगे, जहाँ कई लोग दुष्ट पशु के स्तर पर होते थे (1:12) - आज भी यह उन लोगों के लिये विचित्र और अव्यावहारिक लगता है जो उस बात को अधिक महत्व देते हैं जिसे "नई यौन नैतिकता" कहा जाता है।

पौलुस फिर घरेलू दृश्य में लौट आया: **घर का कारबार करनेवाली**। यह वाक्यांश एक मिश्रित शब्द, οἰκουργός *(ओइकूर्गोस)* से आता है, जिसे οἶκος (*ओइकोस*, "घर") और ἔργον (*एरगोन*, "कार्य") से बनाया गया है।[22] "घरेलू जिम्मेदारियों को पूरा करना, [घर] पर व्यस्त रहने की भूमिका को दर्शाता है।"[23] एक अन्य संस्करण में इसका अनुवाद "घर को घर बनानेवाले" किया गया है। माताओं को अपनी बेटियों को मौखिक रूप से और उदाहरणों के द्वारा, घर को घर बनानेवाले कैसे बनते हैं के बारे में सिखाने की आवश्यकता है। जो लोग अपनी माता से आवश्यक गुणों को नहीं सीखते हैं उन्हें बूढ़ी मसीही स्त्रियों से सीखना चाहिए।

वाक्यांश "घर का कारबार करनेवाली" का अर्थ यह नहीं है कि एक पत्नी नौकरी नहीं कर सकती है, परन्तु यह इस बात पर जोर देती है कि उसे अपने परिवार की अधिक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को अनदेखा नहीं करना चाहिए।[24] आज घर पर कई प्रकार के बाहरी हमले देखे जा सकते हैं; कुछ लोग गृहस्थ की भूमिका को निम्न स्तर का और स्त्री के समय, प्रतिभा और क्षमता की बरबादी समझते हैं। परमेश्वर के लोग होने पर, हमें खड़े होने की जरूरत है और संसार को यह जानने की जरूरत है कि ईश्वरीय, अच्छे मसीही के लिये घर को बनाने से बढ़कर और कोई कार्य महत्वपूर्ण नहीं है।

वाक्यांश "घर का कारबार करनेवाली" के बाद, पौलुस ने एक सामान्य आवश्यकता को बताया: **भली**। यह "अच्छी" (ἀγαθός, *अगाथोस)* शब्द का

अनुवाद है जो दर्शाता है कि जो उसके चरित्र से "अच्छी" है और "इसके प्रभाव से लाभकारी" है।[25] एक पत्नी और माता को वचन और कर्म में भली होनी चाहिए। योग्य स्त्री "बुद्धि की बात बोलती है, और उसके वचन कृपा की शिक्षा के अनुसार होते हैं" (नीति. 31:26)।

तब पौलुस ने जवान पत्नियों के उनके साथियों के साथ रिश्ते के बारे में कहा: **अपने-अपने**[26] **पति के अधीन रहनेवाली हों।** "अधीन रहनेवाली हों" ὑποτάσσω *(हुपोटास्सो)* से आता है, एक सैन्य शब्द है जिसका अर्थ "नीचे का पद" या "अधीनस्थ" होना है।[27] कुछ लेखक *हुपुटासो* से समर्पण के विचार को हटाने का प्रयास करते हैं, परन्तु यह वही शब्द है जिसका उपयोग कुछ आयतों के बाद अपने स्वामी के लिये दास की अधीनता (2:9) का वर्णन करने के लिये किया गया है। (किसी भी मामले में अपवाद होगा यदि किसी को परमेश्वर की इच्छा के विपरीत कुछ करने के लिये कहा जाता था [प्रेरितों 5:29]।)

"अपने पतियों के अधीन होने" का अर्थ यह नहीं है कि पत्नियाँ अपने पतियों से कम होती हैं,[28] और न ही यह सुझाव देता है कि पत्नियों के पास कोई अधिकार नहीं है और उन्हें कभी भी अपनी राय व्यक्त नहीं करनी चाहिए। यह स्मरण दिलाता है कि पति को अपने घर का मार्गदर्शन करने का दायित्व दिया जाता है, और एक बुद्धिमान पत्नी उसे परमेश्वर द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी की पूर्ति में उसे प्रोत्साहित करती है।

यह सब क्यों महत्वपूर्ण है? पौलुस ने कहा कि यह आवश्यक था **ताकि परमेश्वर के वचन की निन्दा न होने पाए** - शाब्दिक रूप से, "निन्दा न किया जाए" (βλασφημέω, *ब्लासफेमेओ),* या उसके विरुद्ध अपमानजनक रूप से बोला जाए।[29] यह एक विचित्र-परन्तु-वास्तविक घटना है जिसे अविश्वासी अपने जीवनों में लागू करने में इच्छा रखने के बदले मसीहियों को उच्च स्तर वाले मानते हैं। यदि हम मसीही होने का दावा करते हैं और उस तरह के चाल चलन में जैसे हमें होना चाहिए असफल रहते हैं, तो यह निश्चित रूप से परमेश्वर के वचन की "निन्दा" होती है। इसमें जवान स्त्रियाँ शामिल हैं जो अपने पतियों का सम्मान करने में असफल होती हैं (देखें 1 पतरस 3:1-6)।

आयतें 6, 7. पौलुस ने जवान स्त्रियों को निर्देश से अपना ध्यान हटाकर जवान पुरुषों पर केन्द्रित किया। इस समूह के लिये उनकी शिक्षा संक्षिप्त और स्पष्ट है: **ऐसे ही जवान पुरुषों को भी समझाया कर कि संयमी हों** (σωφρονέω, *सोफ्रोनेओ)।* 2:7 के पहले शब्दों **(सब बातों में)** को "समझाया कर" से जोड़ा जा सकता है,[30] जो आवश्यकता को और व्यापक बनाता है: "जवानों को सभी बातों में संयमी होने का आग्रह करें।"

संसार हमें बताती है कि जवान पुरुषों को "अपनी वास्तविक स्वभाव को उजागर करने की" और "अपनी क्रिया प्रणाली से बाहर निकलने" की आवश्यकता होती है; परन्तु पौलुस ने कहा कि उन्हें आत्म - नियन्त्रण का प्रयोग करते हुए "संयमी" होना चाहिए। जॉन आर. डब्ल्यू. स्टॉट के अनुसार,

> पौलुस क्रोध और अपनी जीभ, महत्वाकांक्षा और लालसा, और विशेष रूप से यौन अभिलाषाओं सहित शारीरिक इच्छाओं के नियन्त्रण के बारे में सोच रहा था, ताकि मसीही जवान पुरुष विवाह से पहले शुद्धता के अपरिवर्तनीय मसीही मानक के प्रति वचनबद्ध रहें और उसके बाद निष्ठावान रहें।[31]

क्योंकि पौलुस की पहली जवान स्त्रियों को दिए गए निर्देश उन लोगों के लिये था जिनका विवाह हो चुका था, जवान पुरुषों के लिये उसके निर्देश कुछ हद तक शायद उन लोगों के लिये भी था जिनका विवाह हो चुका था। एक टिप्पणीकार ने लिखा,

> यदि ये जवान पुरुष विवाहित थे और उनके बच्चे थे, तो आत्म-नियन्त्रण दोगुना महत्वपूर्ण होगा। इस गुण की कमी परिवारों के भीतर दबाव और दुर्व्यवहार उत्पन्न करता है . . . । सभी सकारात्मक लक्षण जो पति विवाह को बनाए रखने के लिये कर सकता है - आत्म-बलिदान, प्रेम, कोमलता, करुणा, सुनना - सब कुछ आत्म-नियन्त्रण से आता है।[32]

आयतें 7, 8. आयत 6 में "संयमी" शब्द में कई तत्व हैं, परन्तु कोई आश्चर्यचकित हो सकता है कि क्यों जवान पुरुषों के लिये पौलुस के निर्देश अन्य आयु समूहों की तुलना में बहुत कम हैं। हमें शायद तीतुस के निर्देशों को शामिल करना होगा, जो स्वयं एक जवान पुरुष था: **अपने आप को भले कामों का नमूना बना, तेरे उपदेश में सफाई, गम्भीरता, और ऐसी खराई पाई जाए कि कोई उसे बुरा न कह सके, जिससे विरोधी हम पर कोई दोष लगाने का अवसर न पाकर लज्जित हों।**

जैसा कि हम 2:7, 8 को पढ़ते हैं, हमें 1 तीमुथियुस 4:12 का स्मरण दिलाया जाता है, जहाँ तीमुथियुस को बताया गया था, "कोई तेरी जवानी को तुच्छ न समझने पाए; पर वचन, और चाल-चलन, और प्रेम, और विश्वास, और पवित्रता में विश्वासियों के लिये आदर्श बन जा।" तीमुथियुस की तरह, तीतुस को भी एक "नमूना" (τύπος, *टुपोस)* बनना था।[33] यह दोगुना उद्देश्य प्रदान करेगा: यह उसके शब्दों को वज़न देगा और उसने जो कहा उसके बारे में एक जीवित नमूना भी प्रदान करेगा। क्रेते द्वीप पर, लोगों को यह *देखने* की आवश्यकता थी कि मसीह के पीछे चलने वाला कैसा होता था।

सबसे पहले, तीतुस "को भले कामों का" नमूना बनना था। "भला" (καλός, *कालोस)* "जो नैतिक रूप से अच्छा, सही, उचित, और सम्माननीय है, का वर्णन करता है।"[34] जो वह करता था उसमें उसे नमूना बनना था। उसके सुननेवाले उसे तब तक गम्भीरता से नहीं ले सकते थे जब तक कि वह मसीही जीवन जीने के बारे में गम्भीर न हो।

इसके अलावा, वह जो कुछ भी सिखाता था उसमें उसे एक नमूना बनना था: "उपदेश में सफाई।" "सफाई" ἁγνεία *(हग्नेया)*, "शुद्ध" के लिये प्रयोग किया जानेवाला सामान्य शब्द से नहीं लिया गया है, परन्तु ἀφθορία *(एफथोरिया)* से, जो उसे प्रमाणित करता है जो मिलावट से मुक्त होता है।[35] बाइबल के

"उपदेश" (διδασκαλία, *डिडासकालिया)* या सिद्धान्त, मानव निर्मित सिद्धान्तों के साथ मिश्रित होकर अशुद्ध, मिलावटी हो जाता है।

जीवन और शिक्षा में, तीतुस का "सम्मान किया" (σεμνότης, *सेमनोटेस)* जाना था। अध्ययन की इस श्रृंखला में यह शब्द पहले भी दिखाई दे चुका है। यह इस तरह से जीवन बिताएँ कि लोग हमारा सम्मान करें का सुझाव देता है।[36] इससे पहले इस अध्याय में, बूढ़ों का "सम्मान" (σεμνός, *सेमनोस)* (2:2) कहा गया था; और अब जवान पुरुष के लिये भी यही बात कही गई थी।

अन्ततः, तीतुस को निर्देश दिया गया था कि "ऐसी खराई पाई जाए कि कोई उसे बुरा न कह सके।" "ऐसी खराई" का होना (λόγον ὑγιῆ, *लोगोन हुगिए)* "लाभकारी उपदेश" का उपयोग करता है। हमने "खरी शिक्षा" (या "लाभकारी उपदेश") के लिये संदर्भ को दोहराते देखा है, परन्तु यह वाक्यांश अधिक व्यापक है। इसमें तीतुस के प्रचार और शिक्षा शामिल थे, परन्तु यह उसके मुँह से निकलने वाली हर शब्द पर भी लागू होता था। उसके शब्द पूरे और सत्य थे। उनका काम सहायता करना और चंगा करना होना चाहिए, चोट और बाधा पहुँचाना नहीं।

"कोई उसे बुरा न कह सके" यूनानी मिश्रित शब्द ἀκατάγνωστος *(अकाटाग्नोस्टोस)* से आता है जो उस बात को इंगित करता है जिसकी "निन्दा नहीं की जा सकती।"[37] पौलुस इस बात की गारंटी नहीं दे रहा था कि उसने जो कहा था उसके लिये तीतुस की कभी आलोचना नहीं की जाएगी, परन्तु उसने उससे आग्रह किया कि अन्ततः बिना किसी कारण के किसी भी प्रकार के आलोचना का होना निश्चित जान ले।

तीतुस को अपनी जीभ की रक्षा करनी थी ताकि **विरोधी लज्जित किया जा सके**[38] "विरोधी" (ἐναντίος, *एनानतिओस)* कोई भी व्यक्ति हो सकता है जिसने परमेश्वर के वचन का विरोध किया हो। जब उनके आरोप झूठे ठहरते तो उन्हें लज्जित होना पड़ता था।

अन्त में, पौलुस ने कहा, आलोचकों के पास कुछ नहीं है **कि कोई हमें बुरा कह सके**। "हम" का उसका उपयोग उल्लेखनीय है। हम शायद पौलुस से "तुम"[39] कहने की आशा कर सकते हैं; परन्तु तीतुस के शब्दों और कर्मों ने पौलुस के साथ-साथ स्वयं को, सभी प्रेरित शिक्षकों और प्रचारकों, और हाँ, सभी मसीहियों पर प्रगट होते हैं। हमें फिर से स्मरण दिलाया जाता है कि "सिद्धान्त को महत्व देना" क्यों महत्वपूर्ण है: हम जो कुछ भी कहते हैं या करते हैं वह प्रभु और उसकी कलीसिया पर सकारात्मक या नकारात्मक रूप से दर्शाता है।

सब मसीही उपदेश की शोभा बढ़ाएँ (2:9, 10)

[9]दासों को समझा कि अपने-अपने स्वामी के अधीन रहें, और सब बातों में उन्हें प्रसन्न रखें, और उलटकर जवाब न दें; [10]चोरी चालाकी न करें, पर सब प्रकार से पूरे विश्वासी निकलें कि वे सब बातों में हमारे उद्धारकर्ता परमेश्वर के उपदेश की शोभा बढ़ाएँ।

आयतें 9, 10. हमने देखा कि नया नियम 1 तीमुथियुस 6:1, 2 में दासत्व से कैसे निपटता है, परन्तु एक अतिरिक्त उल्लेख क्रम में है। जीन ए. गेटज़ ने कहा,

> ऊपरी समस्या पर हमला करने की बजाय, [पौलुस] ने उसकी जड़ों पर वार किया। उसने मनुष्य के हृदय की समस्या का समाधान किया . . .। जब मसीह में स्वामी अपने दासों के साथ भाइयों के समान व्यवहार करते थे और जब दास अपने स्वामियों की सेवा उस तरह से करते थे जैसे कि वे प्रभु की सेवा कर रहे थे, तो पुरानी रीति को जारी रखना असम्भव था। यह अन्ततः इसका अन्त हो गया।[40]

2:9, 10 में, हम फिर से दासों के उनके स्वामियों के लिये इसी तरह के व्यावहारिक आदेशों के निर्देश हैं (देखें 1 तीमु. 6:1, 2); परन्तु "विश्वास और प्रेम . . . पक्का हो" (तीतुस 2:2) होने के साथ स्वामियों पर लागू पिछले कई मार्गदर्शन शामिल हैं।

दासों के लिये निर्देश मूलभूत सलाह से शुरू होते हैं: **दासों को समझा**[41] **कि अपने-अपने स्वामी**[42] **के अधीन रहें।** "दासों" δοῦλος (*डूलोस*, "दास") का बहुवचन रूप है। "अधीन रहें" (ὑποτάσσω, *हुपोटास्सो)* पद से सम्बन्धित एक सैन्य शब्द है (देखें 2:5)। भले ही क्रेते के मसीही दासों ने मसीह में अनाज्ञाकारिता के लिये तर्क के रूप में अपनी स्वतन्त्रता प्राप्त कर ली हो, परन्तु पौलुस ने स्पष्ट किया कि अभी भी उन्हें अपने "स्वामियों" (δεσπότης, *डेसपोटेस* का बहुवचन) के लिये "आज्ञाकारी" होने की आवश्यकता है। "दासों को सब बातों में अपने स्वामी के अधिकार का सम्मान करने के लिये कहा गया है।"

केवल आज्ञाकारी होना पर्याप्त नहीं था। दासों को अपने स्वामियों का उचित भावना और रवैया के साथ पालन करना था: **सब बातों में उन्हें प्रसन्न रखें, और उलटकर जवाब न दें।** शब्द (εὐάρεστος, *ऊआरेसटोस)* का अनुवाद "प्रसन्न रखें" किया गया है जिसमें ἀρεστός (*अरेसटोस*, "प्रसन्न" या "सहमत") की शुरुवात εὖ (ऊ, "अच्छी तरह") के साथ होता है।[43] इस संदर्भ में, शब्द का तात्पर्य शायद "अपने स्वामी की सन्तुष्टि,"[44] से है परन्तु नए नियम में यह शब्द हर जगह "जो परमेश्वर को भावता हो के उपयोग के लिये किया गया है।"[45] शायद इन दोनों विचारों को शामिल किया जाना चाहिए। कहीं और पौलुस ने कहा,

> हे सेवको, जो शरीर के अनुसार तुम्हारे स्वामी हैं, सब बातों में उनकी आज्ञा का पालन करो, मनुष्यों को प्रसन्न करनेवालों के समान दिखाने के लिये नहीं, परन्तु मन की सीधाई और परमेश्वर के भय से। जो कुछ तुम करते हो, तन मन से करो, यह समझकर कि मनुष्यों के लिये नहीं परन्तु प्रभु के लिये करते हो (कुलु. 3:22, 23)।

"उलटकर जवाब देना" ἀντιλέγω *(अन्टीलेगो)* से आता है, जिसका अर्थ है "विरोध में बोलना।"[46] एक अन्य संस्करण इसका अनुवाद "पलटकर जवाब देना"

करता है, जो किसी दास के लिये उस व्यक्ति के साथ करना बहुत मूर्खतापूर्ण बात होगी जो उसके जीवन या मृत्यु पर अधिकार रखता है। इस शब्द में शायद विपरीत आचरण करना शामिल है, जैसे अपने स्वामी की शिकायत करना और उसके पीठ पीछे उसकी बुराई करना। पौलुस ने फिलिप्पियों से कहा, "सब काम बिना कुड़कुड़ाए और बिना विवाद के किया करो" (फिलि. 2:14)।

दासों के लिये अंतिम निर्देश दिए गए हैं: **चोरी चालाकी न करें, पर सब प्रकार से पूरे विश्वासी निकलें**। "चोरी चालाकी करना" νοσφίζω (*नोस्फीजो*, "अलग करना") से आता है और मध्य काल में "रख[छोड़ना] स्वयं के लिये रख छोड़ता है।"[47] प्रेरितों 5 में इस शब्द का प्रयोग किया गया है, जहाँ हनन्याह ने "कुछ भूमि बेची और उसके दाम में से कुछ *रख छोड़ा"* (प्रेरितों 5:1, 2; बल दिया गया है)। दास अकसर बहुमूल्य सम्पत्ति के लिये जिम्मेदार होते थे (देखें उत्पत्ति 39:4-6)। दास को स्वयं के लिये कुछ रख छोड़ना परीक्षा में पड़ना होता रहा होगा,[48] तर्क यह है कि "वह इसे कभी खोना नहीं चाहेगा," या "अन्ततः, मैं इस योग्य हूँ," और फिर यह बता रहा था कि वस्तु खो गया है, चोरी हो गया है, या टूटा हुआ है।

"सब प्रकार से पूरे विश्वासी निकलें" चोरी न करने की आज्ञा को मजबूत बनाता है। "विश्वास" (πίστις, *पिस्टिस)* का उपयोग यहाँ "किसी ऐसे व्यक्ति के लिये किया गया है जिसमें आत्मविश्वास से विश्वास, भरोसा रखा जा सकता है।"[49] एक मसीही दास को वह होना था जिस पर उसके स्वामी की सम्पत्ति के साथ भरोसा किया जा सकता है, पूरी तरह से एक भरोसेमंद दास होना था।

यह हमें उस वाक्यांश में लाता है जो हमारे विषय को 2:1-10 के लिये प्रस्तुत करता है - **कि वे सब बातों में हमारे उद्धारकर्ता परमेश्वर**[50] **के उपदेश की शोभा बढ़ाएँ**। "शोभा बढ़ाना" κοσμέω *(कोसमेओ)* से आता है, जिस शब्द से हमें "कॉस्मेटिक्स" प्राप्त होता है। इसका अर्थ है "कुछ आकर्षक दिखने के लिये" एक कारण हो।[51] हमने इस शब्द को पहले 1 तीमुथियुस 2:9 में देखा था, जहाँ स्त्रियों को, "सुहावने वस्त्रों से अपने आप को संवारे" के लिये कहा गया था। यह प्रकाशितवाक्य 21:2 में भी पाया जाता है, जहाँ स्वर्ग की तुलना "उस दुल्हन के समान थी जो अपने पति के लिये सिंगार किए हो" से की जाती है।

यहाँ, "शोभा बढ़ाएँ" की चुनौती दासों के लिये निर्देशित की गई थी। दास सामाजिक पैमाने के निचले तल पर थे। उनमें से कुछ लोगों ने व्यर्थ महसूस किया होगा। परन्तु, पौलुस ने उनसे कहा, "तुम सबसे अच्छे दास होने के कारण, तुम 'परमेश्वर के उपदेश की शोभा बढ़ा' सकते हैं! तुम इसे उन सभी के लिये आकर्षक बना सकते हो जो तुम्हें जानते हैं!" वह सभी मसीहियों से चाहता था कि वे "हमारे उद्धारकर्ता परमेश्वर के उपदेश की शोभा बढ़ाएँ।"

"परमेश्वर का वह अनुग्रह प्रगट है" (2:11-15)

गैरी डब्ल्यू. डेमरेस्ट ने 2:11-15 को "पौलुस के लेखन में पाए जानेवाली

मसीही उपदेश के वास्तव में सुन्दर और संक्षिप्त सारांशों में से एक कहा जाता है।"[52] कार्ल स्पेन ने इस भाग को "मसीही नैतिकता की पूरी संरचना की आधारशिला" कहा है।[53]

गॉर्डन डी. फी ने उल्लेख किया, "यूनानी पाठ में सभी 11-14 आयत एकल वाक्य बनाते हैं, जिनमें से 'परमेश्वर का अनुग्रह' व्याकरणिक विषय के रूप में दिया गया है।"[54] परमेश्वर का अनुग्रह से बड़ा कोई विषय नहीं है: परमेश्वर का "सक्रिय पक्ष सबसे बड़े वरदान को उन लोगों पर उंडेलता है जो सबसे बड़े दण्ड के भागी होते हैं।"[55] अनुग्रह मसीही जीवन जीने का कारण प्रदान करता है और उस जीवन को जीने के लिये आवश्यक मजबूती भी प्रदान करता है।

अनुग्रह उद्धार लाता है (2:11)

[11]क्योंकि परमेश्वर का वह अनुग्रह प्रगट है, जो सब मनुष्यों के उद्धार का कारण है,

आयत 11. पौलुस का लम्बे वाक्य में **क्योंकि** (γάρ, *गार*) शब्द होता है, जो किसी बात के कारण को बताता है। वह सिर्फ दिए गए निर्देशों का आधार देने वाला था।

क्योंकि परमेश्वर का वह अनुग्रह प्रगट है। क्रिया "प्रगट है" (ἐπιφαίνω, *एपीफाइनो)* 1 तीमुथियुस 6:14 में संज्ञा "प्रगट" (ἐπιφάνεια, *एपीफानिआ)* से सम्बन्धित है। इन शब्दों का उपयोग मसीह के प्रथम आगमन या अवतरित[56] होने के लिये नए नियम में चार बार किया जाता है और पाँच बार उसके द्वितीय आगमन के संकेत मिलते हैं।[57] *एपीफाइनो* का उपयोग यहाँ मसीह के प्रथम आगमन के लिये किया गया है, और *एपीफानिआ* का उपयोग आयत 13 में उसकी पुनः वापसी के लिये किया गया है।

एपीफाइनो में शामिल φαίνω (*फाइनो*, "चमकना") को ἐπί (*एपी*, "पर")[58] द्वारा मजबूती प्रदान किया जाता है। जगत पाप के अन्धकार में चल रही थी, परन्तु फिर "जगत की ज्योति" जगत को प्रकाशमान करने के लिये आया (यूहन्ना 8:12)। परमेश्वर हमेशा एक अनुग्रहकारी परमेश्वर (निर्गमन 34:6) रहा है, परन्तु मसीह में वह अनुग्रह का एक परिपूर्ण देहधारण के रूप में स्पष्ट रूप से प्रगट हुआ है। मसीह ने अनुग्रह से अपनी पहचान रखी।

मसीह का पहली बार प्रगट होने का उद्देश्य **उद्धार** लाने के लिये था। इसमें उसके देहधारण और व्यक्तिगत सेवकाई, परन्तु विशेष रूप से क्रूस पर उसकी मृत्यु (देखें 2:14) शामिल था। डेल हार्टमैन ने देखा, "अनुग्रह एक 'क्रूस वचन' है। क्रूस को हाथ की अंगुलियों पर गिने जाने से पहले नए नियम में 'अनुग्रह' शब्द अनेकों बार पाया जाता है। क्रूस के बाद, यह हमारे लिये परमेश्वर के प्रेम को व्यक्त करने का मुख्य शब्द बन गया।"[59]

यह **सब मनुष्यों के** उद्धार का कारण है। इसके बारे में कुछ प्रश्न हैं कि क्या

"सब मनुष्यों के लिये" "प्रगट है" या "उद्धार का कारण है," परन्तु यह अर्थ में थोड़ा अन्तर बनाता है।[60] विशिष्टता के विपरीत झूठे शिक्षकों द्वारा पक्ष रखना, परमेश्वर का अनुग्रह सब के लिये है: सभी उम्र, स्त्री पुरुष दोनों, सभी वर्ग - अध्याय के पहले भाग में वर्णित सभी के लिये है। यह झूठ बोलने वाले, आलसी, क्रूर क्रेते वासियों के लिये भी था। हम परमेश्वर का धन्यवाद कर सकते हैं कि उसका अनुग्रह हमारे लिये भी हम जिसके योग्य नहीं थे! क्रूस सार्वभौमिक आवश्यकता के लिये सार्वभौमिक उपाय है। "परमेश्वर के अनुग्रह से, वह हर एक मनुष्य के लिये मृत्यु [मसीह का स्वाद] चखे" (इब्रा. 2:9)।

अनुग्रह चेतावनी देता है (2:12)

[12]और हमें चेतावनी देता है कि हम अभक्ति और सांसारिक अभिलाषाओं से मन फेरकर इस युग में संयम और धर्म और भक्ति से जीवन बिताएँ.

आयत 12. हमें चेतावनी देने में परमेश्वर के अनुग्रह पर विचार करना अद्‌भुत है; परन्तु यदि हम उसे अनुग्रह का एकमात्र कार्य के रूप में सोचते हैं, तो हम आश्चर्यचकित हो सकते हैं जब हमें अगली बात बताई जाती है कि अनुग्रह हमें *चेतावनी* भी *देता* है: **हमें चेतावनी देता है कि हम अभक्ति और सांसारिक अभिलाषाओं से मन फेरें**। जैसे हम बपतिस्मा के जल से ऊपर उठते हैं, परमेश्वर के अद्‌भुत अनुग्रह से बचाए जाते हैं (प्रेरितों 2:38; 22:16), तब उसके बाद क्या होता है? इसलिये नहीं कि हम इसके योग्य हैं, परन्तु इसलिये क्योंकि हमें इसकी आवश्यकता है, परमेश्वर हमें अपने वचन में जीवन-निर्देश देता है। जब हमें यह चेतावनी दिया जाता है तब अनुग्रह कम अनुग्रह नहीं होता है।

"चेतावनी देना" παιδεύω *(पाईडुओ)* के मूल शब्द (παῖς, *पाइस)* "बच्चे" से अनुवाद करता है। *पाईडुओ* "शिक्षा के लिये व्यापक यूनानी शब्द"[61] माता पिता की चेतावनी होती थी। यह परिपक्व और जिम्मेदार व्यक्ति को ऊपर उठाने के लिये आवश्यक सब बातों को मन से ग्रहण करता था। तीमुथियुस और तीतुस के पत्रियों में, *पाइडुओ* को सिखाने (1 तीमु. 1:20), समझाने (2 तीमु. 3:16), और सुधार (2 तीमु. 2:25) के लिये प्रयोग किया गया है। *पाइडुओ* शब्द में भी मजबूत, प्रेमपूर्ण, लगातार अनुशासन शामिल है।[62] परमेश्वर ने कहा, "मैं जिन जिन से प्रेम करता हूँ, उन सब को उलाहना और ताड़ना देता हूँ" (प्रका. 3:19; देखें इब्रा. 12:5-11)।

अनुग्रह हमें कई बातें सिखाता है, परन्तु 2:11-15 का ध्यान भक्ति से जीवन बिताने पर केन्द्रित है। अनुग्रह हमें शिक्षित बनाने के लिये नहीं परन्तु अच्छे लोग बनाने के लिये सिखाता है।

यह आयत पहले नकारात्मक बातों के बारे में बताती है: "हमें चेतावनी देता है[63] कि हम अभक्ति और सांसारिक अभिलाषाओं से मन फेरकर जीवन बिताएँ।" शब्द "अभक्ति" (ἀσέβεια, *असेबीआ)* का अनुवाद α *(अ)* से शुरू होता है, जिसे

हटाने पर शब्द का अर्थ "भक्ति" (σέβομαι, *सेबोमाई)* होता है। *असेबीआ* एक परिचित शब्द है जिसमें वह सब कुछ शामिल है "जिसमें एक मनुष्य परमेश्वर को ध्यान में रखे बिना करता है।"[64] "मन फेरकर जीवन बिताना" उन सब बातों का त्याग करना है जो परमेश्वर को अप्रसन्न करता है।

अनुग्रह हमें चेतावनी देता है ". . . सांसारिक अभिलाषाओं से मन फेरकर।" "सांसारिक" (κοσμικός, *कोस्मिकोस)* इस संसार से जुड़ी किसी भी बात का वर्णन करता है।[65] "अभिलाषाओं" (ἐπιθυμία, *एपिथूमिआ)* "अनियमित . . . लालसा[एँ] हैं"[66] लालसाएँ - "वर्तमान विश्व व्यवस्था पर केन्द्रित है।"[67] जो अनैतिक है वह इसमें शामिल है, परन्तु इसमें खुशी, अधिकार, लोकप्रियता और सम्पत्तियों पर एक अनिवार्य जोर भी शामिल है जो इस संसार को छोड़कर जाते समय पीछे रह जाएँगे।

फिर पौलुस ने सकारात्मक बातों को कहा। **संयम और धर्म और भक्ति से जीवन बिताएँ**। "संयम से" (σωφρόνως, *सोफ्रोनोस)* उन शब्दों से सम्बन्धित है जिन्हें हमने 2:2, 5, और 6 में देखा था। इसमें आत्म-नियन्त्रण का अभ्यास करने की बात शामिल है।[68] "धर्म से" (δικαίως, *डिकाइओस)* इस संदर्भ में जीवन जीने का एक सही तरीका है; यह "सही ढंग से, न्यायपूर्वक, ईमानदारी से" जीवन बिताना है।[69] "भक्ति" (εὐσεβῶς, *ऊसेबोस)* का अनुवाद "अभक्ति" के विपरीत है, से हम इनकार कर सकते हैं। भक्ति का जीवन "परमेश्वर के दृष्टिकोण की विशेषता से चित्रित किया जाता है," अर्थात् उन कामों को करना जो "उसे प्रसन्न करता है।"[70]

ये सकारात्मक निर्देश रिश्तों को बनाए रखती हैं: स्वयं से, दूसरों से लिये, और परमेश्वर से रिश्ते को। स्वयं से अपने रिश्ते के सम्बन्ध में, हम स्व-अनुशासित होना है। दूसरों के साथ हमारे रिश्तों के सम्बन्ध में, हमें सच्चा और निष्पक्ष होना है। परमेश्वर के साथ हमारे व्यक्तिगत रिश्ते के सम्बन्ध में, हम हमेशा उसे प्रसन्न करने का प्रयास करना है।

यह आयत यह कहते हुए समाप्त हो जाता है कि हमें **इस युग में** - सचमुच, "वर्तमान युग में" (νῦν αἰῶνι, *नून आईओनी)* में भक्ति का जीवन जीना चाहिए। आयत 11 पहली बार "प्रगट" होने को संदर्भित करता है, जब मसीह हमारे लिये मरने के लिये इस संसार में आया था। आयत 13 दूसरी बार "प्रगट" होने की बात करता है, जब मसीह अपने आप का दावा करने के लिये वापस आएगा। हम दो बार प्रगट होने के बीच "यहाँ और अब" (फिलिप्पी) में रहते हैं। यहाँ और अब हमें संयम से, धर्म से और भक्ति से जीवन बिताना है। हम "वर्तमान युग *में"* रहते हैं, परन्तु हम वर्तमान युग के समान या वर्तमान युग के लिये नहीं जी रहे हैं।

कुछ सोचते हैं कि क्योंकि मसीही अनुग्रह से बचाए जाते हैं, इसलिये इससे थोड़ा अंतर होता है कि वे कैसे रहते हैं। "इस प्रकार," वे जोर देते हैं, "अनुग्रह इसकी रखवाली करेगी।" पौलुस ने एक बार पूछा, "क्या हम पाप करते रहें कि अनुग्रह बहुत हो?" (रोमियों 6:1)। उनकी भयानक प्रतिक्रिया थी "कदापि नहीं!"

(रोमियों 6:2)।

अनुग्रह जीवित रखता है (2:13)

[13]और उस धन्य आशा की अर्थात् अपने महान् परमेश्वर और उद्धारकर्ता यीशु मसीह की महिमा के प्रगट होने की बाट जोहते रहें।

आयत 13. इस वर्तमान युग में "भक्ति से जीवन बिताना" एक चुनौती हो सकती है। क्रेते पर भक्ति से जीवन बिताना कितना कठिन रहा होगा! उस द्वीप पर मसीहियों को क्या जीवित रखेगा, और हमें क्या जीवित रख सकता है? आरम्भिक मसीहियों के लिये शान्ति का एक विशेष स्रोत यह प्रतिज्ञा थी कि मसीह उन्हें सच्चा ठहराने और उन्हें पुरस्कृत करने के लिये वापस आएगा। वे (जैसे हम कर रहे हैं) **धन्य आशा की अर्थात् अपने महान् परमेश्वर और उद्धारकर्ता यीशु मसीह की महिमा के प्रगट होने की बाट जोहते रहें रहे थे।**

"बाट जोहते रहें" προσδέχομαι *(प्रोस्डेचोमाई)* का अनुवाद है, जो πρός (*प्रोस*, "की ओर") और δέχομαι (*डेचोमाई*, "प्राप्त") से मिलकर बना है। यह आशा के साथ बाट जोहते रहने का विचार प्रकट करता है।[71] "धन्य" (μακάριος, *मकारिओस)* का अर्थ है "अनुग्रहित, . . . भाग्यशाली, प्रसन्न।[72] आशा" (ἐλπίς, एलपिस) आत्मविश्वास के साथ . . . [कुछ बातों] के लिये बाट जोहते रहना।[73] हम "हमारी आशा की धन्य पूर्ति की बाट जोह रहे हैं" - "अनन्त जीवन की आशा" (1:2; 3:7)।

इसके अलावा, हम "हमारे महान परमेश्वर और उद्धारकर्ता, मसीह यीशु की महिमा के प्रगट होने" की बाट जोह रहें हैं[74] (2:13)। यह "प्रगट होना" (ἐπιφάνεια, *एपीफानिआ)* मसीह का दूसरा आगमन है। पौलुस ने इस शब्द का उपयोग 2 तीमुथियुस 4:8 में किया था: "भविष्य में मेरे लिये धर्म का वह मुकुट रखा हुआ है, जिसे प्रभु, जो धर्मी और न्यायी है, मुझे उस दिन देगा, और मुझे ही नहीं वरन् उन सब को भी जो उसके प्रगट होने *[एपिफेनिया]* को प्रिय जानते हैं।"[75]

स्वर्ग को जाने से पहले मसीह ने फिर से आने की प्रतिज्ञा की (यूहन्ना 14:3)। किसी दिन, वह "महिमा" (δόξα, *डोक्सा*) में आएगा: अपने सामर्थी दूतों के साथ, धधकती हुई आग में एक ललकार, और प्रधान दूत के शब्द के साथ, और परमेश्वर की तुरही के साथ (1 थिस्स. 4:16; 2 थिस्स. 1:7, 8)। जब वह प्रगट होगा, "हर एक आँख उसे देखेगी" (प्रका. 1:7)। पृथ्वी के हर क्षेत्र में यह अन्त के दिन की घटना देखी जाएगी! जब मसीह आएगा, तो जो तैयार होंगे, "उनके साथ बादलों पर उठा लिये जाएँगे कि हवा में प्रभु से मिलें; और इस रीति से हम सदा प्रभु के साथ रहेंगे" (1 थिस्स. 4:17)!

वाक्यांश "अपने महान् परमेश्वर और उद्धारकर्ता यीशु मसीह" अतिरिक्त वर्णन प्रस्तुत करता है। विद्वान इस बात से असहमत हैं कि क्या पौलुस परमेश्वर

के दो व्यक्तित्व (पिता और पुत्र) को शामिल कर रहा था या केवल एक (यीशु) को। भले ही संदर्भ दो व्यक्तियों के लिये है, फिर भी मसीह को "महान परमेश्वर के साथ एक स्तर पर रखा गया है, उसकी महिमा में प्रगट होने के रूप में, और यहोवा के उद्धार के काम को प्रभाव में लाते हुए।"[76]

परन्तु, प्रमाण, एक-व्यक्ति के होने के पक्ष में है। यूनानी पाठ में, संज्ञा "उद्धारकर्ता" से पहले कोई निश्चित लेख [the "Savior"] नहीं है; और, एक नियम के अनुसार, एक लेख द्वारा एक साथ जुड़ी संज्ञाएँ एक ही कर्ता के होने को अंकित करती हैं। यूनानी व्याकरण ज्ञाता आर्किबाल्ड थॉमस रॉबर्टसन ने कहा, "*थिऊ* ['परमेश्वर'] और *सोटेरोस* ['उद्धारकर्ता'] के साथ एक लेख का यह जरूरी अर्थ है।"[77] इसके अलावा, कई लेखकों ने ध्यान दिया कि "प्रगट होना" शब्द का उपयोग कभी परमेश्वर पिता के साथ नहीं किया जाता है, परन्तु केवल यीशु के साथ।[78] लिफ़ील्ड ने देखा, "यदि पौलुस इस वाक्य में परमेश्वर और मसीह को अलग करना चाहता था और मसीह के किसी भी ईश्वरीय गुण से इनकार करना चाहता था, तो वह आसानी से व्याकरण के सुस्पष्टता के साथ किया जा सकता था।"[79] इसलिये हम जेम्स बर्टन कॉफमैन के निष्कर्ष के साथ सहमत हो सकते हैं कि यह "हमारे धन्य प्रभु के ईश्वरीय गुणों पर असर डालने वाले सभी सबसे मूल्यवान कथनों [नए नियम] में से एक है।"[80]

"अपने महान् परमेश्वर और उद्धारकर्ता यीशु मसीह" फिर से आनेवाला है! पौलुस ने थिस्सलुनीकियों से कहा कि "इन बातों से एक दूसरे को शान्ति दिया करो" (1 थिस्स. 4:18)। परमेश्वर के अनुग्रह का यह प्रकटीकरण हमें जीवित रखता है और सामर्थ्य देता है!

अनुग्रह प्रेरणा देता है (2:14)

[14]जिस ने अपने आप को हमारे लिये दे दिया कि हमें हर प्रकार के अधर्म से छुड़ा ले, और शुद्ध करके अपने लिये एक ऐसी जाति बना ले जो भले-भले कामों में सरगर्म हो।

आयत 14. हमारा उद्धार करने, हमें निर्देश देने, और हमें बनाए रखने के अतिरिक्त अनुग्रह हमें भले लोग बनने के लिए प्रेरित भी करता है। परमेश्वर के अनुग्रह के द्वारा मसीह **ने अपने आप को हमारे लिये दे दिया कि हमें हर प्रकार के अधर्म से छुड़ा ले, और शुद्ध करके अपने लिये एक ऐसी जाति बना ले जो भले-भले कामों में सरगर्म हो**। यीशु ने "अपने आप को दे दिया"; यह एक स्वेच्छया से किया गया कार्य था। उसने कहा "कोई उसे मुझ से छीनता नहीं, वरन् मैं उसे आप ही देता हूँ" (यूहन्ना 10:18)। इसके साथ ही, यीशु ने अपने आपको "हमारे ले दे दिया।" ताकि "परमेश्वर के अनुग्रह से [वह] हर एक मनुष्य के लिये मृत्यु का स्वाद चखे" (इब्रा. 2:9)।

उसने हमारे लिए मृत्यु का स्वाद क्यों चखा? "हमें छुड़ाने के लिए।" "छुड़ाना" (λυτρόω, *लूतरू)* दासत्व के संसार से लिया गया एक शब्द है। इसका

अर्थ है "मुक्त करना . . . स्वतंत्र करना, छुड़ाना।"[81] *लूतरू* एक शब्द "छुटकारे का दाम" (λύτρον, *लुत्रों)* का क्रिया रूप है।[82]

इस छुटकारे के बहुत से कारण हैं, परन्तु पौलुस भले कामों पर केन्द्रित था। नकारात्मक रूप से, मसीह ने हमें "हर एक अधर्म के काम" से छुड़ाया है। "अधर्म के काम" ἀνομία *(अनोमिया)* से लिया गया है, जो νόμος (*नोमोस*, "धर्म") का α *(अ)* जोड़ने के द्वारा खण्डन करता है। यह एक अधर्मी स्वभाव को संदर्भित करता है जिसके परिणामस्वरूप अधर्म के काम होते हैं।[83] परमेश्वर के अनुग्रह के द्वारा हम पाप के दोष से छुड़ाए गए हैं; परन्तु हमें पाप की दासता से भी स्वतंत्र किया गया है (रोमियों 6:17, 18)। पाप अब हमें और बुरे काम करने के लिए विवश नहीं कर सकता।

सकारात्मक तौर पर, मसीह ने अपने आप को हमारे लिए दे दिया "शुद्ध करके [καθαρίζω, *कथारिज़ो*[84]] अपने लिए एक जाति बनाने के लिए।" "अपने लिए एक ऐसी जाति" का अनुवाद περιούσιος *(पेरुओसियोस)* से किया गया है और किसी के "एक विशेष स्थिति के होने, या चुने हुए होने"[85] का संकेत करता है। निर्गमन 19:5 में सेप्टुजिंट[86] में इसका प्रयोग किया गया है, जहाँ पर परमेश्वर ने इस्राएलियों से कहा, "अब यदि तुम निश्चय मेरी मानोगे, और मेरी वाचा का पालन करोगे, तो सब लोगों में से तुम ही मेरा निज धन ठहरोगे।" क्रूस से पहले, इस्राएली परमेश्वर के विशेष लोग थे, "उसका निज धन।" क्रूस के बाद हम मसीही हैं!

यीशु की इच्छा है कि हम, परमेश्वर के विशेष लोग होने के नाते, "भले कामों में सरगर्म हों।" "सरगर्म" (ζηλωτής, *ज़ेलोतेस)* में ईमानदारी, उत्साह और प्रतिबद्धता के गुण सम्मिलित हैं।[87] लोग इस जीवन में कई बातों के लिए सरगर्म होते हैं - जिसमें सांसारिक "सफलता" प्राप्त करना सम्मिलित है - परन्तु यीशु की चिंता यह थी कि हम "भले कामों के लिए सरगर्म हों" (καλῶν ἔργων, *कलोन एर्गोन)।* "भले काम" पत्र के शेष भाग का विषय है (3:1, 8, 14).[88] प्रभु हमसे यह नहीं चाहता कि हम कभी-कभी भलाई करें, जब यह सुविधाजनक हो और इसमें हमारी कम या कुछ भी लागत न हो। वह चाहता है कि हम सदैव भले, प्रेमपूर्ण और सहायता पूर्ण काम करने में सरगर्म हों।

"भले कामों के लिए सरगर्म" होने के लिए हमें क्या प्रेरित करेगा? इस प्रश्न के लिए पौलुस का उत्तर रहा "परमेश्वर का अनुग्रह।" आयत 11 और 14 हमें उस बात पर विचार करने के लिए बुलाती है जो परमेश्वर ने हमारे लिए किया है। यदि यह हमें भले काम करने के लिए प्रेरित नहीं करता, तो कुछ भी नहीं करेगा।

उपसंहार (2:15)

[15]पूरे अधिकार के साथ ये बातें कह, और समझा और सिखाता रह। कोई तुझे तुच्छ न जानने पाए।

आयत 15. 11 से 14 आयतों में उसके निर्देशों के बाद, जो "परमेश्वर के

अनुग्रह" के विषय के साथ एक वाक्य बनाते हैं, पौलुस ने निष्कर्ष निकाला, **पूरे अधिकार के साथ ये बातें कह** [λαλέω, *लालेओ*[89]], **और समझा** [παρακαλέω, *पेराक्लेओ*[90]] **और सिखाता रह** [ἐλέγχω, *एलेंचो*[91]]। हर किसी को परमेश्वर के वचन के विषय में बताए जाने की आवश्यकता है, हर किसी को परमेश्वर के वचन के विषय में बताया जान आवश्यक है, जो यह कहता है उसे करने के लिए अधिकांश लोगों को समझाने की आवश्यकता है, और कुछ को सिखाने आवश्यकता है क्योंकि वे इसे करने से इनकार करते हैं। यह आयत वर्तमान काल में है, इसलिए निरन्तर कार्य की मांग की गई है। तीतुस को अनुग्रह और इसके प्रति एक मसीही की प्रतिक्रिया के विषय में शिक्षा और प्रचार करना जारी रखना था, और हमें भी ऐसा ही करना चाहिए।

इस आयत में, विचारों के "पुस्तक अवलंब" के दो समूहों में से एक पाया जाता है। इसमें विश्वास करने और आत्मविश्वास से सिखाने के लिए तीतुस को दिए गए पवित्र आदेश सम्मिलित हैं। तीतुस को "पूरे अधिकार के साथ" बोलना था क्योंकि उसके पीछे प्रेरित अधिकार का भार था। इसके अलावा, उसे विरोधियों से डरना नहीं था। शब्द **तुच्छ** (περιφρονέω, *पेरिफ्रोनियो)* का अर्थ है "किसी से घृणा करना . . . उसे नीचा समझना, तुच्छ जानना।"[92] चाहे किसी ने तीतुस को तुच्छ जाना, घृणा की, उसका तिरस्कार किया, तो भी उसे दृढ़ता से बोलना था। 3:8 में, हमें दूसरा "पुस्तक अवलंब" मिलता है, इसके समान ही एक चुनौती: "मैं चाहता हूँ कि इन बातों के विषय में तू दृढ़ता से बोले।"

अनुप्रयोग

शिक्षा की शोभा बढ़ाना (2:9, 10)

हमें ध्यान रखना चाहिए कि "शिक्षा की शोभा बढ़ाने" का विचार यह नहीं है कि हम परमेश्वर की शिक्षा को और अधिक सुंदर बनाने में सक्षम हैं। चूंकि यह परमेश्वर से है, इसलिए उसकी शिक्षा पहले से ही तुलना से परे प्रिय है। सुनहरा नियम (मत्ती 7:12) या प्रेम पर अध्याय (1 कुरि. 13) में हममें से कोई भी किसी तरह सुधार नहीं कर सकता। फिर, क्या हम "शिक्षा की शोभा बढ़ा" सकते हैं? हम बाइबल की शिक्षाओं को समझने में लोगों की सहायता कर सकते हैं और फिर जैसे वे हमें इसे *हमारे जीवन में अभ्यास* करते देखते हैं तो इसकी सुंदरता की सराहना करते हैं।

एक साधारण उदाहरण यह है कि किसी को यह समझने में सहायता करना कि लाल रंग क्या है। यह कहना कि "लाल केवल लाल है" अपर्याप्त होगा। अन्य व्यक्ति इसमें जोड़ सकता है, "दृश्य रंगावली में लाल एक रंग है"; परन्तु अगर श्रोता रंगावली से अपरिचित है, तो इससे सहायता नहीं मिलेगी। एक व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति से लाल रंग की व्याख्या किस प्रकार कर *सकता* है और उसे उसकी सुंदरता देखने में सक्षम बना सकता है? उत्तर सरल है: वह एक कैनवस को लाल रंग में रंग सकता है और दूसरे व्यक्ति को इसे देखने देता है। हम प्रेम पर

सुनहरे नियम या बाइबल की शिक्षा को किस प्रकार को समझा सकते हैं? हम लोगों को किस प्रकार दिखा सकते हैं कि मसीहियत कितनी प्यारी है? हम उन्हें हमारे जीवन में इसे देखने दे सकते हैं!

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप बूढ़े या जवान हैं, पुरुष या स्त्री, दास या स्वतंत्र हैं; आप जो भी हों, आप "शिक्षा की शोभा बढ़ा" सकते हैं। चाहे आप "कोई हो" या "कोई नहीं" हों, चाहे आप लोकप्रिय हों या अज्ञात हों, भले ही आप सफल हों या विफल हो (जैसे संसार इस तरह के मामलों का न्याय करता है), आप अभी भी "शिक्षा की शोभा बढ़ा" सकते हैं। हम सभी या तो लोगों को अपने जीवन से सुसमाचार में आकर्षित करते हैं, या हम उन्हें दूर भगा देते हैं। परमेश्वर हमें जीने में सहायता करे ताकि लोग परमेश्वर के पास आएं। "शिक्षा की शोभा बढ़ाने" में वह हमारी सहायता करे।

"यहाँ और अब में जीना" (2:11-15)

2:12 में जे. बी. फिलिप्स की संक्षिप्त व्याख्या से शब्दों को प्रयोग करते हुए, 2:11-15 तक प्रचार और शिक्षा का एक दृष्टिकोण हो यह हो सकता है "यहाँ और अब में जीना" (जो कि, दो "प्रकट" होने कड़े मध्य में हैं)। इन आयतों के लिए निम्नलिखित रूपरेखा का प्रयोग किया जा सकता है:

I. पहला प्रकटीकरण (2:11-13)
   A. बीती बातों को देखना (2:11)
   B. वर्तमान में जीना (2:12, 13)

II. दूसरा प्रकटीकरण (2:13, 14)
   A. भविष्य को देखना (2:13)
   B. वर्तमान में जीना (2:14)

III. उपसंहार (2:15)

समाप्ति नोट्स

[1]गैरी डब्ल्यू. डेमारेस्ट, *1, 2 थिसलोनियन्स, 1, 2 तीमोथी, टाईटस*, द कम्यूनिकेटर्स कॉमेन्ट्री, वोल. 9 (वैको, टेक्सस: वर्ड बुक्स, 1984), 311. [2]पौलुस ने 1 तीमुथियुस 4:6; 2 तीमुथियुस 4:3; और तीतुस 1:9 में "खरे उपदेशों" पर भी ध्यान केंद्रित किया। [3]जे. डब्ल्यू. रॉबर्ट्स, *टाईटस, फिलेमोन और जेम्स*, द लिविंग वर्ड (ऑस्टिन, टेक्सस: आर. बी. स्वीट को., 1963), 14. [4]जॉन आर. डब्ल्यू. स्टॉट, *गार्ड द ट्रुथ: द मेसेज ऑफ 1 तीमोथी एंड टाईटस*, द बाइबल स्पीक्स टुडे (डाउनर्स ग्रोव, इलिनोय: इन्टरवर्सिटी प्रैस, 1996), 185. [5]वॉल्टर एल. लेफेल्ड, *1 एंड 2 तीमोथी, टाईटस*, द NIV एप्लिकेशन कॉमेन्ट्री (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: ज़ॉनडरवैन, 1999), 333. [6]वॉल्टर बाऊर, *ए ग्रीक-इंगलिश लेक्सिकॉन ऑफ द न्यू टेस्टामेंट एण्ड अदर अर्ली क्रिश्चियन लिट्रेचर*, तीसरा एडिशन, रिवाइज्ड एंड एडिटेड फ्रेड्रिक विलियम डेंकर

(शिकागो: यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो प्रैस, 2000), 919. [7]उपरोक्त, 987. [8]यूनानी लेख में, "विश्वास," "प्रेम," और "धीरज" के लिए प्रत्येक शब्द से पहले एक निश्चित शब्द वर्ग है, जिसका विलियम हेन्ड्रिक्सन ने अनुवाद "उनके" (विलियम हेन्ड्रिक्सन, *एक्सपोजिशन ऑफ द पास्टोरल एपिस्लस*, न्यू टेस्टामेंट कॉमेन्ट्री [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1965], 363)। [9]यह उसी प्रकार का "प्रेम" है जिसकी चर्चा 1 तीमुथियुस 1:5 के संदर्भ में की गई है। [10]बाऊर, 1039. "धीरज" का संबंध कठिनाइयाँ सहने के साथ है। (देखें 1 तीमु. 6:11.)

[11]डब्ल्यू. ई. वाइन, मेरिल एफ. अंगर, एण्ड विलियम व्हाईट, जूनियर, *वाईन्स कंप्लीट एक्सपोज़िट्री डिक्शनरी ऑफ ओल्ड एण्ड न्यू टेस्टामेंट वर्ड्स* (नैशविल्ले: थॉमस नेल्सन पब्लिशर्स, 1985), 532. [12]बाऊर, 470. [13]"चाल-चलन पवित्र लोगों का सा हो," के स्थान पर विलियम बारक्ले ने वाक्यांश का अनुवाद, ". . . व्यवहार/आचरण में ऐसी हों जो पवित्र वस्तुओं से संबंधित लोगों के अनुरूप हो" (विलियम बारक्ले, *द लेटर्स टू तीमोथी, टाईटस, एण्ड फिलेमोन*, रिवाइज्ड एडिशन, द डेली स्टडी बाइबल [फिलाडेल्फिया: वेस्टमिनिस्टर प्रैस, 1975], 248)। [14]"बकबक" और "घर घर फिरने वाली" का उल्लेख 1 तीमुथियुस 5:13 में भी आया है। पौलुस ने 1 तीमुथियुस 3:11 में कहा कि स्त्रियों को "दोष लगाने वाली" नहीं होना चाहिए। [15]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाईट, 619; बाऊर, 504. [16]बाऊर, 504. [17]लेफेल्ड, 328. [18]बाऊर, 986. [19]पति का अपनी पत्नी से प्रेम करने के बारे में, देखें इफिसियों 5:25, 28. [20]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 100.

[21]सम्बन्धित शब्द ἁγνεία *(हगोनिया)* 1 तीमुथियुस 4:12 में पाया जाता है, जहाँ पौलुस ने तीमुथियुस से "पवित्रता" में एक उदाहरण होने का आग्रह किया। [22]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 309. कम हस्तलेख समर्थन के साथ एक वैकल्पिक पठन οἰκουρός *(ओइकूरोस)* है, जो "घर की रखवाली करनेवाला" या "घर का देखरेख करनेवाला" होने की भावना को उत्पन्न करता है। (ब्रूस एम. मेटज़गर, *अ टेक्स्ट्युअल कॉमेन्टरी ऑन द ग्रीक न्यू टेस्टामेन्ट,* 2nd. एड. [स्टुटगार्ट, जर्मन बाइबल सोसाइटी, 1994], 584.) [23]बाऊर, 700. [24]तीमुथियुस 5:14 में घर के बाहर काम करने वाली स्त्री की चर्चा की गई है। [25]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 273; बाऊर, 3-4. [26]शब्द "अपने-अपने" (ἴδιος, *इडिओस)* इस प्रश्न पर प्रकाश डाल सकता है कि बाइबल सिखाती है या नहीं कि सब स्त्रियों को सब पुरुषों के अधीन होना चाहिए। आराधना और सभा के संदर्भ में स्त्रियों का पुरुषों पर अधिकार नहीं है। इसके अलावा, युवा पत्नियों को केवल *अपने अपने* पतियों के अधीन होना आवश्यक है। (देखें 1 कुरिन्थियों 11:3; 1 तीमु. 2:11, 12.) [27]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 606; बाऊर, 1042. [28]1 तीमुथियुस 2:11, 12 में अधीनता के सम्बन्ध में चर्चा की गई है, जहाँ सम्बन्धित संज्ञा ὑποταγή *(हुपोटागे)* का उपयोग किया गया है। [29]बाऊर, 178. [30]आर्किबाल्ड थॉमस रॉबर्टसन, *वर्ड पिक्चर्स इन द न्यू टेस्टामेन्ट,* वॉल्यूम 4, *दि एपिसल्स ऑफ पौल* (न्यू यॉर्क: हार्पर एंड ब्रदर्स पब्लिशर्स, 1931), 603.

[31]स्टॉट, 189. [32]ब्रूस बी. बर्टन, डेविड आर. वीरमैन, एण्ड नील विल्सन, *1 तीमोथी, 2 तीमोथी, टाईटस*, लाइफ एप्लीकेशन बाइबल कॉमेन्टरी (व्हीटन, इलिनोय: टिंडेल हाउस पब्लिशर्स, 1993), 272. [33]1 तीमुथियुस 4:12 में पौलुस ने तीमुथियुस से "नमूना" *(टुपोस)* बनने का आग्रह किया। [34]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 274. 1 तीमुथियुस 1:8 में व्यवस्था का वर्णन करने के लिये इसी विशेषण का प्रयोग किया गया है। [35]उपरोक्त, 131; बाऊर, 156. [36]1 तीमुथियुस 2:2; 3:4 में "सम्मान" पर जोर दिया गया है। [37]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 118-19; बाऊर, 35. [38]"लज्जित किया जा सके" के लिये शब्द (ἐντρέπω, *एन्टरेपो)* 2 तीमुथियुस 1:8, 12, और 16 में अनुवाद किए गए शब्द "लज्जित हुआ" से अलग है। *एन्टरेपो* "बुरी तरह से 'लज्जित' होने का संदर्भ देता है जिसमें आचरण परिवर्तन होना शामिल है" (वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 39)। [39]यह अनुवाद "तुम," जो केवल तीतुस पर लागू होता है; परन्तु एक दूसरे अनुवाद में "तुम" का प्रयोग मध्यम पुरुष बहुवचन के रूप में दिया गया है। [40]जीन ए. गेटज़, *अ प्रोफाइल फॉर अ क्रिश्चियन लाइफ स्टाइल: अ स्टडी ऑफ टाईटस* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: ज़ोंडर्वन पब्लिशिंग हाउस, 1978), 128.

[41]अनुवादकों द्वारा "आग्रह" शब्द को जोड़ा गया था। [42]1 तीमुथियुस 6:1 के सम्बन्ध में "स्वामियों" पर चर्चा की गई है। [43]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 474. [44]बाऊर, 403. [45]डोनाल्ड गथरी, *द पास्टोरल एपिसल्स*, रिवाइज्ड एडिशन, द टिंडेल न्यू टेस्टामेन्ट कॉमेन्टरीज़ (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैन पब्लिशिंग कं., 1990), 208. [46]1:9 में *अन्टीलेगो* को "विरोधियों" कहा गया है। [47]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 341; बाऊर, 679. [48]दास उनेसिमुस शायद उसके स्वामी फिलेमोन (फिलेमोन 18) से लिया गया था। [49]बाऊर, 818. [50]1 तीमुथियुस 2:3 में टिप्पणियों में "हमारे परमेश्वर उद्धारकर्ता" वाक्यांश पर चर्चा की गई है।

[51]बाऊर, 560. [52]डेमरेस्ट, 311. [53]कार्ल स्पेन, *द लेटर्स ऑफ पॉल टू तीमोथी एण्ड टाईटस*, द लिविंग वर्ड कॉमेन्टरी (ऑस्टिन, टेक्सस: आर. बी. स्वीट कं., 1970), 181. [54]गॉर्डन डी. फी, *1 एण्ड 2 तीमोथी, टाईटस*, अ गुड न्यूज कॉमेन्टरी (सैन फ्रांसिस्को: हार्पर एण्ड रो, 1984), 147. [55]हेन्ड्रिक्सन, 370. [56]देखें लूका 1:79; 2 तीमु. 1:10; तीतुस 2:11; 3:4. [57]देखें 2 थिस्स. 2:8; 1 तीमु. 6:14; 2 तीमु. 4:1, 8; तीतुस 2:13. [58]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 31. [59]डेल हार्टमैन, ईस्टसाइड चर्च ऑफ क्राइस्ट, मिडवेस्ट सिटी, ओकलाहोमा, 21 अगस्त, 2013 को संदेश का प्रचार किया गया। [60]सार्वभौमिकतावादी "सब मनुष्यों के उद्धार का कारण है" को पढ़ना पसंद करते हैं और निष्कर्ष निकालते हैं कि आयत सार्वभौमिक उद्धार के बारे में सिखाती है। जबकि, बाइबल सार्वभौमिकता के बारे में नहीं सिखाती है (देखें 1 तीमु. 4:10 पर टिप्पणियाँ)। आयत 11 एक सार्वभौमिक प्रस्ताव और अवसर के बारे में कही गई है।

[61]लिफेल, 339. [62]बाऊर, 749. [63]1 तीमुथियुस 5:8 में शब्द ἀρνέομαι *(अर्नेओमाई)* के ही एक रूप का अनुवाद "मुकर गया" किया गया है। [64]गेट्ज़, 143. [65]बाऊर 560-61; वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 685. [66]बाऊर, 372. देखें 1 तीमु. 6:9 पर टिप्पणियाँ। [67]गथरी, 210. [68]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 583; बाऊर, 987. [69]बाऊर, 250. एक सम्बन्धित संज्ञा, δίκαιος *(डिकाइओस)*, का अनुवाद 1 तीमुथियुस 1:9 में "धर्मी जन" किया गया है। [70]वाइन, अंगर, एण्ड व्हाइट, 272.

[71]उपरोक्त, 7, 378; बाऊर, 877. एक अन्य अनुवाद है "जब हम धन्य आशा की बाट जोहते हैं।" [72]बाऊर, 611. यह वही शब्द है जिसका चित्रण मत्ती 5 में पहाड़ी उपदेश में किया गया है। [73]उपरोक्त, 319. [74]कुछ प्राचीन हस्तलेखों में "यीशु मसीह" शब्द पाया जाता है। शब्दों का क्रम वाक्य के अर्थ को प्रभावित नहीं करता है। [75]2 तीमुथियुस 4:1, 8 के सम्बन्ध में मसीह के प्रगट होने की चर्चा की गई है। [76]वाल्टर लॉक, *अ क्रिटिकल एण्ड एक्सेजेटिकल कॉमेन्टरी ऑन द पास्टोरल एपिसल्स*, द इंटरनेशनल क्रिटिकल कॉमेन्टरी (एडिनबर्ग: टी. एंड टी. क्लार्क, 1952), 145. [77]रॉबर्टसन, 604. [78]गथरी, 212 द्वारा उपयोग में इस अन्तर का उल्लेख किया गया था। [79]लिफेल, 341. [80]जेम्स बर्टन कॉफमैन, *कॉमेन्टरी ऑन 1 एंड 2 थेस्सलोनियन्स, 1 एण्ड 2 तीमोथी, टाईटस एंड फिलेमन* (ऑस्टिन, टेक्सस: फर्म फाउंडेशन पब्लिशिंग हाउस, 1978), 338.

[81]बाऊर, 606; वाइन, अंगर, एण्ड वाइट, 515. [82]यौगिक शब्द ἀντίλυτρον *(एन्तिलुत्रों)* को तीव्र किया गया फिर भी इसका अनुवाद 1 तीमुथियुस 2:6 में "छुटकारे के दाम" में किया गया है। [83]बाऊर, 85. [84]एक सम्बन्धित शब्द καθαρός (*काथारोस*, "शुद्ध") का 1:15 में प्रयोग किया गया है। [85]बाऊर 802. KJV में "निजी" है, जिसका मूल रूप से अर्थ है "जो किसी निज धन है" (रॉबर्ट्स, 19)। [86]सेप्टुजिंट (LXX) पुराने नियम का यूनानी अनुवाद है। [87]बाऊर 427. [88]"भले कामों" के विषय का परिचय 2:7 में दिया गया था। [89]बाऊर, 582-83; वाइन, अंगर, एण्ड वाइट, 549. [90]1 तीमुथियुस 5:1 में पेराक्लेओ के रूप का अनुवाद "विनती" में किया गया है।

[91]इस शब्द के लिए 1 तीमुथियुस 5:20 में अनुवाद "डांट" का प्रयोग किया है। [92]बाऊर, 808. पेरफ़ोनिओ की तुलना 1 तीमुथियुस 4:12 में अनुवादित शब्द "तुच्छ न जाने" से करें।